an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Rana Bahadur Singh, member, 5th Lok Sabha; Dr. Amrit Lal Bharti, member, 11th Lok Sabha; and Shrimati Chandra Prabha Urs, member, 10th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को तीन पूर्व सदस्यों श्री राणा बहादुर सिंह, डॉ. अमृतलाल भारती और श्रीमती चन्द्रप्रभा उर्स के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री राणा बहादुर सिंह मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पांचवीं लोक सभा के सदस्य थे। वे पांचवीं लोक सभा के दौरान याचिका समिति के सदस्य रहे। श्री राणा बहादुर सिंह ने कृÂाक समुदाय के कल्याण के लिए कार्य किया। श्री राणा बहादुर सिंह का निधन 87 वÂर्ष की आयु में 4 अप्रैल, 2016 को मध्य प्रदेश के रीवा में हुआ।

डॉ. अमृतलाल भारती उत्तर प्रदेश के चैल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य थे। वे खाद्य, नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य रहे। डॉ. भारती ने समाज के गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। डॉ. अमृतलाल भारती का निधन 73 वÂर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2016 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ।

श्रीमती चन्द्रप्रभा उर्स कर्नाटक के मैसूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए दसवीं लोक सभा की सदस्य थीं। वह श्रम और कल्याण संबंधी समिति की अध्यक्ष और सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति की सदस्य रहीं। इससे पूर्व श्रीमती चन्द्रप्रभा वÂर्ष 1983 से 1985 और वष्Âान 1989 से 1991 तक दो बार कर्नाटक विधान सभा की सदस्य थीं। वह वÂर्ष 1983 से 1985 तक कर्नाटक सरकार में समाज कल्याण, रेशम कीट पालन और उत्पाद शुल्क की केबिनेट मंत्री भी रहीं। श्रीमती चन्द्रप्रभा उर्स का निधन 69 वÂर्ष की आयु में 3 मई, 2016 को कर्नाटक के मैसूर में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मैं अपनी ओर से तथा सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन खड़ी रहेगी।

11.03 hours

(The Members then stood in silence for short while)